**Class -VII**
**Mid Term Examination (2023-24)**
**Subject – Hindi**
**Set – A2**

**Time allowed – 2.5 hrs** **Max marks-60**

**निर्देश: 1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 1 से लेकर 11 हैं|**
**2. उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें |**
**3. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**1. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - 1x4 =4**

***कठपुतली***
***गुस्से से उबली***
***बोली-ये धागे***
***क्यों हैं मेरे पीछे-आगे?***
***इन्हें तोड़ दो।***
***मुझे मेरे पाँवों पर छोड़ दो।***

**(क) इस कविता के रचयिता कौन हैं?**
(i) मीरा बाई (ii) रहीम
(iii) भवानीप्रसाद मिश्र (iv) प्रयाग शुक्ल

**(ख) कठपुतली' का जीवन कैसा था?**
(i) कैदी (ii) धागों से बँधा
(iii) दूसरों के हाथों में (iv) उपर्युक्त सभी

**(ग) कठपुतली गुस्से से क्यों उबल पड़ी?**
(i) क्योंकि वह नाचना चाहती थी। (ii) वह अकेले रहना चाहती थी
(iii) पराधीनता से परेशान थी (iv) उपर्युक्त सभी

**(घ) कठपुतली' शब्द का अर्थ है-**
(i) काठ की पुतली (i) रबड़ की गुड़ियाँ
(iii) गाँवों की पुतली (iv) प्लास्टिक की गुड़िया

**2. निर्देशानुसार कीजिए-**

**(क) वाक्य शुद्ध कीजिए-** पिता जी तुमको बुलाए हैं। 1

**अथवा**

रमेश या गीता जाएँगे।

**ख) अनेकार्थी शब्द लिखिए -** अक्षर **अथवा** कनक 1

**ग) श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द लिखिए** - कृपण, कृपाण अथवा चपल, चपला 2

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए- 1x10 = 10**

क) **' स्वामी'** शब्द का स्त्रीलिंग होगा-
i) सेविका ii) तपस्विनी
iii) स्वामिनी iv) युवती

ख) **'कथा'** शब्द का बहुवचन होगा-
i) कथाए ii) कथाएँ
iii) कथागण iv) कथालोग

ग) **'कठोर'** का विलोम शब्द है -
i) सपूत ii) पुण्य
iii) मृदु iv) थोड़ा

घ) **'शिशु'** शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द है-
i) बचपन ii) दानव
iii) लेखिका iv) शैशव

ड़) **'६५'** को हिंदी अंक में लिखेंगे-
i) छियासी ii) पैंतालीस
iii) पैंसठ iv) सत्तर

च **'किरण'** शब्द का पर्यायवाची शब्द है -
i) कर, अंशु ii) योग्य, कुशल
iii) विकास,प्रगति iv) अश्व, हय

छ) **'गणेश'** शब्द का पर्यायवाची शब्द है -
i) पिक, कोकिला ii) गणपति, विनायक
iii) भूषण, गहना iv) भूषण, विनायक

ज) **'आम के आम गुठलियों के दाम'** लोकोक्ति का अर्थ है -

i) गुण के विरुद्ध नाम होना ii) बिना प्रयास के इच्छित वस्तु मिल जाना

iii) अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता iv) दोहरा लाभ होना

**झ) निम्नलिखित में से कौन सा अल्पविराम चिन्ह है ?**

**i) ।** **ii) ,**

**iii) ;** **iv) ?**

ञ) **'जिसे जीतना संभव न हो'** इस वाक्यांश के लिए किस एक शब्द का प्रयोग होगा ?

i) अग्रणी ii) अग्रज

iii) अजेय iv) अजर

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए- 1x3 = 3**

**क) 'नागार्जुन' द्वारा रचित पाठ का नाम है-**

(i) हिमालय की बेटियाँ (ii) मिठाईवाला

(iii) नीलकंठ (iv) भोर और बरखा

**ख) 'मिठाईवाला' पाठ के लेखक का नाम है-**

(i) विजय तेंदुलकर (ii) भगवतीप्रसाद वाजपेयी

(iii) प्रेमचंद (iv) प्रयाग शुक्ल

**ग) 'एक तिनका' कविता के कवि का नाम है-**

(i) प्रयाग शुक्ल (ii) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(iii) कबीरदास (iv) रहीम

**5. रेखांकित पद का भेद सही विकल्प चुनकर बताइए - 1x3 = 3**

क) घोड़ा **<u>दौड़ता</u>** है।

(i) सकर्मक क्रिया (ii) अकर्मक क्रिया

(iii) द्विकर्मक क्रिया (iv) संबंधवाचक सर्वनाम

ख) **जो** सत्य बोलता है, **वह** नहीं डरता।

(i) जातिवाचक संज्ञा (ii) संबंधवाचक सर्वनाम

(iii) द्विकर्मक क्रिया (iv) निश्चयवाचक सर्वनाम

ग) तुम थोड़ा **<u>अधिक</u>** खाओ।

(i) कालवाचक क्रियाविशेषण (ii) रीतिवाचक क्रियाविशेषण

(iii) स्थानवाचक क्रियाविशेषण (iv) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3+3=6**

क) हम पंछी उन्मुक्त गगन के कविता के आधार पर बताइए कि पक्षी अपनी किन इच्छाओं को पूरा करने हेतु पिंजरे से बाहर निकलने के लिए व्याकुल हैं?

ख) 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है?

**7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 4x3= 12**

क) नदियों को लोकमाता किसने कहा है और क्यों ?

ख) 'अब इस बार ये पैसे न लूँगा'- कहानी के अंत में मिठाईवाले ने ऐसा क्यों कहा?

ग) यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोत्तो-चान ने अथक प्रयास क्यों किया? लिखिए।

घ) पेड़ पर चढ़ने का पहला प्रयास क्यों असफल रहा? कहानी से मिलने वाली कोई तीन सीख लिखिए।

**8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2+2+1=5**

विदुर बोले - "यह तो किसी से छिपा नहीं है कि चौसर का खेल सारे अनर्थ की जड़ होता है| मैंने तो भरसक कोशिश की थी कि इसे न होने दूँ , किंतु राजा ने आज्ञा दी है कि तुम्हें खेल के लिए न्यौता दे ही आऊँ| इसलिए आना पड़ा| अब तुम्हारी जो इच्छा हो करो|" राजवंशों की रीति के अनुसार किसी को भी खेल के लिए बुलावा मिल जाने पर उसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता था| इसके अलावा युधिष्ठिर को डर था कि कहीं खेल में न जाने को ही धृतराष्ट्र अपना अपमान न समझ लें और यही बात कहीं लड़ाई का कारण न बन जाए| इन्हीं सब विचारों से प्रेरित होकर समझदार युधिष्ठिर ने न्यौता स्वीकार कर लिया, यद्धपि विदुर ने उन्हें चेता दिया था| युधिष्ठिर अपने परिवार के साथ हस्तिनापुर पहुँच गए| नगर के पास ही उनके लिए एक सुंदर विश्राम-गृह बना था| वहाँ ठहरकर उन्होंने आराम किया| अगले दिन सुबह नहा-धोकर सभा-मंडप में जा पहुँचे|

i) राजवंशों की रीति के अनुसार क्या नहीं किया जा सकता था?

ii) युधिष्ठिर ने किस चीज़ का न्यौता स्वीकार कर लिया और क्यों?

iii) युधिष्ठिर अपने परिवार सहित कहाँ पहुँच गए?

**9. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **5**

- पुस्तकों से दोस्ती
- अनुशासन
- खेलों का महत्त्व
- समय का सदुपयोग

**10. विद्यालय छोडने का प्रमाण- पत्र लेने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र।** **5**

**अथवा**

**मित्र के बडे भाई को नौकरी मिलने की खुशी में बधाई देने के लिए मित्र को पत्र।**

**11. दिए गए चित्र का वर्णन 35-40 शब्दों में कीजिए-** **3**

